ACE/21-22/247

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

(परीक्षा शाखा)

Date-06/04/22

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/2022/39067

दिनांक : 05.04.2022

–: सूचना :–

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर जिले के **एम.ए./एम.कॉम./एम.एससी. (सीबीसीएस स्कीम) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर नियमित/ ATKT विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2022** की आयोज्य विभिन्न परीक्षाओं में सम्मिलित होने के इच्छुक परीक्षार्थी अपना ऑनलाइन परीक्षा आवेदन-पत्र ATKT सहित विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.jnvu.edu.in** पर दिनांक **04 अप्रेल, 2022** की शाम से भर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करने एवं प्रिन्टेड आवेदन (हार्ड कॉपी) जमा कराने की तिथियाँ निम्नानुसार होंगी –

	ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथियां	प्रिन्टेड आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी) जमा कराने की अंतिम तिथियां
बिना विलम्ब शुल्क	11 अप्रेल, 2022	13 अप्रेल, 2022
50/– रुपये विलम्ब शुल्क सहित	18 अप्रेल, 2022	20 अप्रेल, 2022

आगामी तिथियों, परीक्षा शुल्क व परीक्षा से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विस्तृत जानकारी जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.jnvu.edu.in पर उपलब्ध रहेगी।

आवेदको हेतु वेबसाइट पर विभिन्न परीक्षाओं हेतु अलग-अलग आवेदन-पत्र प्रारूप उपलब्ध होंगे। आवेदक जिस परीक्षा मे आवेदन करना चाहता है, उस परीक्षा/प्रारूप को चुने तथा ऑन-लाइन परीक्षा आवेदन-पत्र भरकर ऑन-लाइन प्रस्तुत (submit) करने के बाद परीक्षा आवेदन-पत्र एवं शुल्क जमा करने हेतु चालान का प्रिण्ट लें। आवेदक शुल्क जमा करने से पूर्व आवेदन पत्र की प्रिण्ट प्रति का सावधानी से अवलोकन कर जाँच लें कि सभी प्रविष्टियाँ सही हैं यदि सुधार की जरूरत है तो दूसरा आवेदन पत्र भरें।

अग्रेषण केन्द्र से आवेदन जांच करवाने के पश्चात् ही शुल्क जमा करावें। आवेदक BANK OF BARODA/ICICI बैंक एवं अन्य बैंकों के NEFT/RTGS सेवा नेट बैंकिगं (डेबिट कार्ड एवम क्रेडिट कार्ड) से भी शुल्क जमा करवा सकता है। शुल्क जमा करवाने के पश्चात् आवेदक विभिन्न तिथियों के अनुसार आवेदन की प्रिण्ट प्रति (Hard Copy) के साथ शुल्क जमा की प्रति तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों यथा उसके द्वारा आवेदन की जा रही परीक्षा हेतु आवेदक को अर्हता प्रदान करने वाली परीक्षा से संबंधित आवश्यक शैक्षणिक दस्तावेजों की मूल तथा स्वप्रमाणित प्रतियों एवं उसके वर्ग से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित विश्वविद्यालय के संबंधित संकायों/महाविद्यालयों में कार्यालय समयानुसार जमा करा सकता है।

नोटः– 1. सीबीसीएस स्कीम के तहत पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के ही परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन सत्यापित करें।

2. अन्य विश्वविद्यालयों से स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष एवं स्नात्तकोत्तर प्रथम वर्ष उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने सतत् (continuing) पाठ्यक्रम परीक्षाओं हेतु इस विश्वविद्यालय में आवेदन नहीं करें।

3. सभी अग्रेपण अधिकारी को सूचित किया जाता है कि आप द्वारा आवेदन पत्र जांच कर विश्वविद्यालय को उपरोक्त वर्णित अंतिम तिथि से 03 दिवस में जमा करावें। नियत तिथि के पश्चात् यदि कोई आवेदन पत्र जमा नही होता है तो इसकी सम्पूर्ण रूप से जिम्मेदारी अग्रेपण अधिकारी एवं परीक्षार्थियों की होगी।

(प्रो. के. आर. गेनवा)
परीक्षा नियंत्रक
दिनांक – 05.04.2022

क्रमांक – जनावि/परीक्षा/2022/39067

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित है –

1 सभी अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष।
2 प्राचार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय।
3 निदेशक, कमला नेहरू महाविद्यालय/सायंकालीन अध्ययन संस्थान।
4 वित्त नियंत्रक /विश्वविद्यालय अभियन्ता।
5 निदेशक,इण्फोनेट, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।
6 सभी सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी।
7 सचिव, छात्र सेवा मण्डल।
8 सभी वार्डन (छात्रावास)/चिकित्सा अधिकारी।
9 सचिव, कुलपति/निजी सहायक, कुलसचिव।
10 जन सम्पर्क अधिकारी।
11 परीक्षा विभाग की समस्त शाखाएं, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर।

(संतोष आसेरी)
सहायक कुलसचिव

Forward to

(1) Notice Board / Website
(2) Basant Sir / Dr Pravesh Sir
(3) Dr Rajesh Chaudhary Sir

6.4.2022.